पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ बैठक की

लॉक डाउन के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार द्वारा जो दिशा–निर्देश जारी किये जाएंगे, राज्य सरकार उनका अनुपालन करेगी

कल प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र के नाम दिये जाने वाले संदेश के क्रम में आगे की रणनीति तय की जाएगी

मुख्यमंत्री ने लॉक डाउन के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटियों की सिफारिशों को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये

लखनऊ : 13 अप्रैल, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज अपने सरकारी आवास पर मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि लॉक डाउन के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार द्वारा जो दिशा–निर्देश जारी किये जाएंगे, राज्य सरकार उनका अनुपालन करेगी। उन्होंने कहा कि कल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा राष्ट्र के नाम दिये जाने वाले संदेश के क्रम में आगे की रणनीति तय की जाएगी। लॉक डाउन के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार यदि कुछ शर्तों के तहत कुछ कार्यों के लिए छूट देती है, तो उन्हें प्रदेश में भी लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने लॉक डाउन के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटियों की सिफारिशों को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित अध्यक्षों को दिये। राज्य सरकार द्वारा उप मुख्यमंत्री, श्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में निर्माण कमेटी, उप मुख्यमंत्री, डॉ0 दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा कमेटी, कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि कार्यों से सम्बन्धित कमेटी, वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में राजस्व कमेटी, श्रम मंत्री श्री स्वामी प्रसाद मौर्या की अध्यक्षता में श्रम कमेटी, समाज कल्याण मंत्री श्री रमापति शास्त्री

की अध्यक्षता में समाज कल्याण कमेटी, स्वास्थ्य मंत्री श्री जय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गठित स्वास्थ्य कमेटी, ग्राम्य विकस मंत्री श्री मोती सिंह की अध्यक्षता में गठित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सेनिटाइज़ेशन कमेटी, नगर विकास मंत्री श्री आशुतोष टण्डन की अध्यक्षता में गठित नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सेनिटाइज़ेशन कमेटी, जल शक्ति मंत्री डॉ0 महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गठित पेयजल आपूर्ति कमेटी तथा दिव्यांग जन मंत्री श्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में दिव्यांगजन के हितों के लिए गठित कमेटी से उनकी सिफारिशों के विषय में विचार–विमर्श किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 15 अप्रैल से सभी मंत्रीगण अपने–अपने कार्यालय में बैठना सुनिश्चित करें। उनसे सम्बन्धित अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव स्तर के अधिकारी भी अपने कार्यालय में बैठना सुनिश्चित करें। ये सभी विभागीय मंत्री के मार्गदर्शन में विभाग के कार्यों के सम्पादन के सम्बन्ध में सोशल डिस्टेंसिंग बनाते हुए समुचित निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारियों को लॉक डाउन के प्रकाश में निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यकतानुसार बुलाने की व्यवस्था की जाए।

———————

PN-CM-CM Meeting with Cabinet Ministers-13 April, 2020.doc